दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंकः-273
मुरादाबाद
23 January 2025
(Thursday)
पृष्ठः-08
मूल्यः- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

# सीएम योगी ने संगम तट पर कैबिनेट के साथ लगाई पवित्र डुबकी, पूजा-अर्चना भी की

## महाकुंभ से पांच बड़े एलान, एक्सप्रेसवे और कई ब्रिजों की सौगात; विकास को मिलेगी रफ्तार

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में एक विशेष कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। प्रयागराज महाकुंभ 2025 में अब तक 9.24 करोड़ से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 卐यहां आज कैबिनेट की बैठक हुई है जिसमें महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं... आज पवित्र संगम में स्नान करके मैं गंगा और यमुना को प्रणाम करता हूं... अखिलेश यादव जी को मानसिक और दृष्टि दोष हो गया है। उसका अच्छे से इलाज कराएं। कुंभ के समय ऐसे बयान देना, यहां राजनीति करना बहुत गंदी बात है। मैं प्रार्थना करूंगा कि भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें।卐सीएम ने मंत्रियों संग त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्री प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए एक विशेष नाव पर सवार हुए।यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा...यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा...। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक सतत विकास बनाने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे। इसके बुनियादी ढांचे के लिए, गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार दिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिर्जापुर, भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा... यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है, 卐वाराणसी और चंदौली से, यह( गंगा ) एक्सप्रेसवे सोनभद्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा...सीएम योगी ने कहा कि हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल बनेगा, अरैल में भी एक पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है।सीएम योगी ने कहा कि हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल बनेगा, अरैल में भी एक पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है।यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा नगर निगम हैं। इन तीनों के लिए बॉन्ड जारी किए जाएंगे... पिछले एक हफ्ते में 9.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है... प्रयागराज नगर निगम प्रयागराज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए बॉन्ड जारी करेगा...卐यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, आविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम योगी ने पांच बड़े एलान किए। उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को जोड़ने की बात कही। कई ब्रिजों की सौगात दी। यूपी के प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ में योगी सरकार की कैबिनट बैठक हुई। इस दौरान सीएम ने मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी साझा की। सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा हमारे तीन महत्पूर्ण नगर निगम हैं। यहां के लिए बांड जारी करने जा रहे हैं। सरकार चित्रकूट और प्रयागराज को लेकर डेवलप करेगी। इसके लिए गंगा एक्सप्रेसवे को एक्सटेंशन देंगे। इससे पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी। बनेगा फोरलेन ब्रिज- इसके साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड से जोड़ेंगे। इससे प्रयागराज और चित्रकूट क्षेत्र में विकास को रफ्तार मिलेगी। इसके आलावा प्रयागराज से मिर्जापुर, वाराणसी और जौनपुर को जोड़ने के लिए सरकार झूंसी की तरफ एक फोरलेन ब्रिज बनाएगी।यमुना में भी बनेगा ब्रिज-साथ ही सिग्नेचर ब्रिज के समानानंतर एक और ब्रिज बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि इन सभी इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ सभी को मिलेगा। साथ ही इससे प्रयागराज क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी। प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे-सीएम ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है। तीन जिलों हाथरस, कासगंज और बागपत में तीन नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। 62 आईटीआई, 5 नवाचार, अविष्कार और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नए प्रोत्साहनों की घोषणा-सीएम योगी ने कहा विशेष कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि पूरी कैबिनेट पहली बार महाकुंभ में मौजूद है। राज्य के विकास से जुड़ी नीतियों पर चर्चा हुई। प्रयागराज से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उत्तर प्रदेश एयरोस्पेस और रक्षा तथा रोजगार नीति को पांच साल पूरे हो गए हैं। इसे नवीनीकृत किया जाएगा। अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए नए प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है। महाकुंभ में बुधवार को हुई योगी कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें प्रयागराज हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल, संगम के पास अरैल में भी एक सामानंतर पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा... यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा...। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा।







## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अगले पांच वर्षों के लिए जारी रखने को कैबिनेट की मंजूरी, MSP पर यह फैसला

मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मिशन ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। इसी कड़ी में केंद्रिय कैबिनेट ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को अगले पांच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने विपणन सीजन 2025-26 के लिए कच्चे जूट के एमएसपी को 5,650 रुपये प्रति क्विंटल मंजूर किया है।मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मिशन ने पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक लक्ष्य हासिल किए हैं। गोयल ने बताया कि 2021 और 2022 के बीच लगभग 12 लाख स्वास्थ्य कार्यकर्ता राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) में शामिल हुए और भारत ने इस मिशन के तहत कोविड-19 महामारी से लड़ाई लड़ी।केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को विपणन सत्र 2025-26 के लिए कच्चे जूट के लिए 5,650 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी, जो पिछले एमएसपी से छह प्रतिशत या 315 रुपये अधिक है।

## अखिलेश ने महाकुंभ में बैठक को बताया राजनीतिक, बोले- वक्फ की जमीन कब्जाना चाहती भाजपा

महाकुंभ में योगी कैबिनेट की बैठक को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने राजनीतिक बताया। उन्होंने वक्फ संशोधन अधिनियम पर भी निशाना साधा। कहा कि भाजपा वक्फ की जमीन कब्जाना चाहती है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने भी ने जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि मनाई। सपा कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने जनेश्वर मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर सपा मुखिया ने सूबे की भाजपा सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने महाकुंभ में हो रही योगी कैबिनेट की बैठक को राजनीतिक बताया।सपा मुखिया ने कहा कि महाकुंभ राजनीति की जगह नहीं है। भाजपा वहां पर राजनीति कर रही है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन पर भी सवाल खड़े किए। मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भी सरकार को घेरा। कहा कि मिल्कीपुर चुनाव को लेकर भाजपा ने पुलिस को आगे कर दिया है। एक दिन पहले लखनऊ में वक्फ संशोधन अधिनियम पर हुई जेपीसी की बैठक पर भी सपा मुखिया ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा को लोग वक्फ की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। ये लोग समाज में नफरत फैलाना चाहते हैं।



संपादकीय Editorial

# Distances stuck in traffic jam

The Government of India is coming up with a new scheme to get rid of traffic jam, under which initially the transport maps of about 100 cities will be changed. Ring road bypasses will be built for the convenience of entry and exit in these cities. State capitals and major cities will be included in this traffic control project, but in the initial phase, it seems difficult for Himachal to be included in this scheme.

Recently, the mere news of snowfall led to a tireless gathering of 50,000 vehicles on the route of Atal Tunnel. Similarly, on different occasions, traffic jam has emerged as a big problem in tourist, religious and administrative cities of Himachal. Of course, due to the Pradhan Mantri Gramin Sadak Yojana, it has become easier to travel through the inner parts of Himachal, but the distances of major cities are now getting stuck in traffic jam. In such a situation, the Center will have to show generosity in building maximum ring roads in this state for mountain traffic control. Most of the problems of traffic control in Himachal are related to the no-objections from the Forest Department. If the forest cover is cleared soon to get rid of the increasing traffic jam, it will help in making the transport facility satisfactory. In Himachal, work will have to be done with a view to the freight corridors in view of the apple, vegetable or fruit season. Of course, some relief will be provided by the coming into existence of four-lane projects, but there is scope for improvement in the condition of the district, state and rural level roads connecting the four-lane. A major effort to get rid of traffic jam in the state is being made through the ambitious ropeway of Shimla and if some other cities are also connected on this line, then this concept will prove to be effective. All tourist vehicles should be stopped by making a mega parking ten kilometers before the tourist and religious places of Himachal. The journey beyond this should be made available by small public vehicles or ropeways should be connected to the mega parking place. The entire darshan system will have to be started by stopping the vehicles a few kilometers away from the premises of major temples through ropeways or electric carts. However, a new survey of roads in major cities of Himachal is desired and under this a network of ring road bypasses will have to be built. On the basis of four lanes, new roads or routes connecting cities and tourist places should be expanded in such a way that the entry and exit points are separate. In view of the increasing craze for private vehicles in Himachal and the pressure of vehicles carrying tourists, many cities of Himachal will have to be included in the traffic jam scheme of the Center. There should be permission to use forest land for traffic control. Now forest land is needed for the development of open fields from the rural level to the cities of the state. Along with this, land is also needed from the forest for alternative solutions to remove disorganized markets and vehicle workshops from the roads. If the forest fences are removed from many markets, transport towns and future road projects simultaneously, then there will be relief, otherwise traffic jams will play a negative role by becoming a hindrance in the speed and progress of Himachal.

# Possibility of peace, agreement between Israel-Hamas

It is a good sign not only for West Asia but also for world peace that an agreement has been reached between Israel and the Palestinian organization Hamas. Under this agreement, Hamas will release the hostages whom it had kidnapped by entering Israel in a fierce attack on October 7, 2023. In return, Israel will leave the Palestinian prisoners and withdraw from the Gaza Strip and stop its military action. This agreement has three phases. The agreement will be fully implemented only when there is success in completing the first and second phases. It remains to be seen whether this happens or not. The chances of the agreement being completed and its continuation are low because on the one hand it is seen that Hamas is not going to abandon its obsession to destroy Israel. On the other hand, the Israeli government believes that peace is not possible without the elimination of Hamas. It cannot be ignored that this agreement could have been reached between the two sides earlier also if Hamas had agreed to release the hostages, but it kept imposing harsh conditions on Israel. Due to this stubbornness of Hamas, more than 46,000 people of the Gaza Strip were killed and lakhs were forced to flee. There are good reasons to believe that this agreement could be reached only because Donald Trump is going to become the US President and he wanted to see an agreement between the two sides at all costs. It would have been better if President Joe Biden had shown similar commitment. He kept talking about peace and agreement, but could neither put pressure on Hamas nor on Qatar which supports it. Biden could not put any pressure on Israel to give up its policy of answering brick with stone and not target common people in its military action. Instead, he kept giving all kinds of military assistance to Israel. The result was that Israel kept attacking Gaza indiscriminately even knowing that it could not finish Hamas in this way. Certainly, Hamas is more responsible for the devastation that happened in Gaza in the last 15 months. If it had not entered Israel and carried out the terrorist attack, then probably so much destruction would not have happened. What is worrying is that even after the agreement, there is mistrust between Hamas and Israel. This situation can lead to the breach of the agreement anytime. Therefore, it is necessary that all parties ensure that this does not happen. Certainly, Hamas is more responsible for the devastation that happened in Gaza in the last 15 months. If it had not entered Israel and carried out the terrorist attack, then probably so much destruction would not have happened. What is worrying is that even after the agreement, there is mistrust between Hamas and Israel. This situation can lead to the breach of the agreement anytime.



# I am in search of my real ancestors, where have they gone, their magic is unique

Satire It seems that our ancestors were monkeys but I cannot believe it. When we have lost faith in humans, how can we trust monkeys? Yesterday, as soon as I stepped out of my house, I bumped into Darwin sahab. I told him my problem. He took me aside and whispered in my ear, why are you worried? I met a gentleman. He said our ancestor was Manu. Due to the current political and social conditions, a burden has come upon me. These days I am in search of my real ancestors. Where have they gone? Our ancestors were definitely great, that is why they left this world and left me to bear this cruel world that deceives me at every step. Today the situation is such that in whose lap you sit, tomorrow he turns around and sits on your chest. Yesterday, as soon as I stepped out of my house, I bumped into Darwin sahab. I told him my problem. He took me aside and whispered in my ear, 'Why are you worried? Your and my ancestors were the same and they were monkeys. Before I could understand anything, he raised his face towards the sky and spoke like a leader, 'The ancestors of humans were monkeys.' I asked him what do I look like to you? He said, 'You look like a man, but you are not.' I felt that I am still a monkey. Not just me, everyone is. Who is there in our tendency of jumping from one branch to another, who can stand before us? One day we are seen standing on the branch of a tree with its support, the next day we shake it badly and jump from there and the next day you see us again standing on the same branch with its support. This makes it seem that our ancestors were monkeys, but still it is hard to believe. Today the time is such that man has lost faith in himself, then how can he trust a monkey? I met a gentleman. He said, 'Our ancestor was Manu.' I met another person. He said, 'We believe in so and so.' The third one said, 'We are the children of so and so.' One explained something to the other. The second one explained something to the third one. The third one explained something to the first one. No one understood anything. None of them had seen their ancestors. The question was how can we consider someone as our ancestor whom we have not seen? One said, 'You consider my ancestor as your ancestor.' The other one said, 'Your ancestors will be yours, why should I consider yours as mine?' The matter reached the origin of castes and their calculation. A wise man intervened, otherwise all three were adamant on getting their names written in the same place in the past generation of ancestors. A satirist understood my difficulty and told me that the ancestor of us satirists was Kabir Das. You should establish contact with him directly. I said, 'Where will we meet?' He said, 'Even if he is not alive, he is relevant. Writers live in their creations, because one who is irrelevant is like a dead person and one who is useful at the time of need should be considered alive.' I got engrossed in the search of Kabir Das. Finally one day he appeared in my dream. He was weaving something and kept singing, 'Arey, these two did not find a way.' I asked him, which two, Maharaj? Kabir laughed out loud, 'These are the people of political parties. Sometimes they live together, sometimes separately. Their Maya is unique. I know that Maya is a great deceiver! But I know all of them very well!' Kabir Das raised his head and said, 'These people are dying in the dilemma of whom to touch the feet of Guru-Govind, because no one is left intact between the two stones.' I quickly touched his feet. I felt that these are my true ancestors. Now I do not need to wander anywhere else. Kabir has already said, 'water is in the pot, water is in the pot, water is inside and outside.' Seeing the mixing of political ideologies these days, I also feel that if we had met our ancestors, what would they have said differently? He took me aside and whispered in my ear, 'Why are you worried? Your and my ancestors were the same and they were monkeys. Before I could understand anything, he raised his face towards the sky and spoke like a leader, 'The ancestors of humans were monkeys.' I asked him what do I look like to you? He said, 'You look like a man, but you are not.' I felt that I am still a monkey. Not just me, everyone is. Who is there in our tendency of jumping from one branch to another, who can stand before us? One day we are seen standing on the branch of a tree with its support, the next day we shake it badly and jump from there and the next day you see us again standing on the same branch with its support. This makes it seem that our ancestors were monkeys, but still it is hard to believe. Today the time is such that man has lost faith in himself, then how can he trust a monkey? I met a gentleman. He said, 'Our ancestor was Manu.' I met another person. He said, 'We believe in so and so.' The third one said, 'We are the children of so and so.' One explained something to the other. The second one explained something to the third one. The third one explained something to the first one. No one understood anything. None of them had seen their ancestors. The question was how can we consider someone as our ancestor whom we have not seen? One said, 'You consider my ancestor as your ancestor.' The other one said, 'Your ancestors will be yours, why should I consider yours as mine?' The matter reached the origin of castes and their calculation. A wise man intervened, otherwise all three were adamant on getting their names written in the same place in the past generation of ancestors. A satirist understood my difficulty and told me that the ancestor of us satirists was Kabir Das. You should establish contact with him directly. I said, 'Where will we meet?' He said, 'Even if he is not alive, he is relevant. Writers live in their creations, because one who is irrelevant is like a dead person and one who is useful at the time of need should be considered alive.' I got engrossed in the search of Kabir Das. Finally one day he appeared in my dream. He was weaving something and kept singing, 'Arey, these two did not find a way.' I asked him, which two, Maharaj? Kabir laughed out loud, 'These are the people of political parties. Sometimes they live together, sometimes separately. Their Maya is unique. I know that Maya is a great deceiver! But I know all of them very well!' Kabir Das raised his head and said, 'These people are dying in the dilemma of whom to touch the feet of Guru-Govind, because no one is left intact between the two stones.' I quickly touched his feet. I felt that these are my true ancestors. Now I do not need to wander anywhere else. Kabir has already said, 'water is in the pot, water is in the pot, water is inside and outside.' Seeing the mixing of political ideologies these days, I also feel that if we had met our ancestors, what would they have said differently?

# रेलवे बोर्ड की वादा खिलाफी पर बिफरा रनिंग स्टाफ, लोको लॉबी के सामने धरना कर भरी हुंकार

बरेली/ मुरादाबाद- ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के आह्वान पर मुरादाबाद रेल मंडल की सभी लोको लॉबी पर धरना प्रदर्शन किया गया। मुरादाबाद और बरेली जंक्शन पर भी






रनिंग स्टाफ ने हुंकार भरी। जिसमें डीए में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी समेत तमाम मांगे रखी गईं। इसके अलावा मंडल की तमाम लोको लॉबी के सामने रनिंग स्टाफ धरने पर डटा रहा। इस दौरान कहा गया कि डीए में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी, टीए सहित भत्तों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो चुकी है, लेकिन रनिंग भत्ता किलोमीटर अलाउंस की दरों में रेलवे बोर्ड ने बीती 24 दिसंबर को पत्र जारी कर दरें बढ़ाने से इन्कार कर दिया। जबकि रेलवे बोर्ड द्वारा पूर्व में जारी पत्र आरबीआई नंबर 77/212 व आरबीआई नंबर 65/2014 में खुद ही जिक्र किया था कि डीए में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने पर रनिंग भत्ता किलोमीटर अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। विरोध स्वरूप सभी लोको लॉबियों पर ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन व ऑल इंडिया गार्ड काउंसिल की तरफ से संयुक्त रूप से विरोध दिवस मनाया गया। चेतावनी दी गई कि अगर जल्दी मांगे पूरी नहीं की गई तो सभी संगठनों मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे। मुरादाबाद लोको लॉबी पर प्रदर्शन के दौरान योगेश कुमार, सिद्धार्थ शंकर, मुकुल सक्सेना, महेश सोमवीर, अरविंद, संदेश कुमार, नरेंद्र कुमार अवधेश कुमार, शरीफ अहमद सहित मौजूद रहे। बरेली जंक्शन पर इन लोगों ने किया प्रदर्शन- बरेली जंक्शन पर लोको लॉबी पर धरना प्रदर्शन के दौरान मंडल कोषाध्यक्ष अनूप वैश्य, शाखा सचिव अभय कुमार, एआईजीसी के शाखा सचिव मयंक श्रीवास्तव, एसटी/एससी के शाखा सचिव वीके सरोज, राजेश कुमार राजवंशी और यूआरएमयू के कोषाध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता, शैलेंद्र वर्मा, भरत यादव, हरेंद्र प्रसाद, अजीत कुमार, सुरजीत सिंह, अशोक कुमार, राहुल सागर, सैय्यद अथर अली, भास्कर यादव आदि मौजूद रहे।

# मुरादाबाद एयरपोर्ट के भीतर घुसा तेंदुआ: सुरक्षा प्रबंधों पर उठे सवाल, वन विभाग ने पकड़ा, फिलहाल बंद हैं उड़ान

मुरादाबाद- मूंढापांडे एयरपोर्ट परिसर में तेंदुआ घुसने के बाद सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। वन विभाग ने पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा है। यह घटना 20 दिनों के भीतर दूसरी बार हुई है। इन दिनों



एयरपोर्ट से हवाईसेवा बंद है। मूंढापांडे स्थित एयरपोर्ट परिसर में सोमवार को अचानक तेंदुआ घुस गया। वहां मौजूद सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मी सचेत हो गए। उन्होंने फौरन वन विभाग की टीम को सूचना दी। वन विभाग ने पिंजरा लगाकर रनवे के पास घूम रहे तेंदुए को पकड़ लिया। इस घटना से एयरपोर्ट के सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठ रहे हैं।वर्तमान में कोहरे के कारण एयरपोर्ट से उड़ानें रद्द हैं। इसके कारण यात्रियों की आवाजाही नहीं है। निजी कंपनी का स्टाफ भी कहीं और तैनात किया गया है। एयरपोर्ट पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी व सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले जवान तैनात हैं। यह घटना पहली बार नहीं हुई है। 15-20 दिन पहले भी एयरपोर्ट परिसर में तेंदुआ घुस आया था। उस समय भी वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर उसे पकड़ा था। रनवे पर जंगली जानवरों की आवाजाही आसपास के ग्रामीणों में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों का कहना है कि उड़ान शुरू होने पर जंगली जानवर अंदर प्रवेश कर गए तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इससे लोगों की सुरक्षा को खतरा है। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी की टीम इस पर कोई जवाब नहीं दे रही है। एयरपोर्ट परिसर में जंगली जानवर प्रवेश न करें, इसके लिए बाउंड्री ऊंची की गई थी। गेटों के कई फीट नीचे तक लोहे की ग्रिल लगाई गई थी। एक टीम लगातार रनवे पर निरीक्षण भी करती रहती है। इसके बावजूद जंगली जानवरों का प्रवेश एयरपोर्ट के अंदर नहीं रुक रहा है। यह डीजीसीए के मानकों के भी खिलाफ है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों का कहना है कि जंगल के पास होने के कारण जंगली जानवरों के प्रवेश का खतरा बना रहता है। इसके लिए पुख्ता इंतजाम एयरपोर्ट पर हैं। 10 दिन पहले खेतों में दिखा था - 10 दिन पहले एयरपोर्ट के पास तेंदुए को ग्रामीणों ने खेतों में देखा था। वन विभाग के डिप्टी रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट के अंदर दो पिंजरे लगाए गए। इनमें बकरियां बंद कर दी गईं। सोमवार सुबह तेंदुए ने एयरपोर्ट परिसर में दस्तक दी। बकरियों के शिकार के चक्कर में वह पिंजरे में कैद हो गया। रेंजर गिरीश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर टीम उसे लेकर डियर पार्क रवाना हो गई। इस मौके पर डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र कुमार, वन दरोगा राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# सब्जी मंडी में सामान से भरी टीन शेड में भीषण आग, शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा कारण

मुरादाबाद- अमरोहा की सब्जी मंडी में सोमवार रात शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। दमकल कर्मियों ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि



नहीं हुई, पुलिस और प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं। अमरोहा के मंडी इलाके में सोमवार देर रात सब्जी मंडी में सामान से भरी टीन शेड में आग लग गई। थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें आसमान छूने लगीं। बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर स्थिति का जायजा लिया। अग्निकांड में भारी नुकसान बताया जा रहा है। अग्निकांड की यह घटना गुलड़िया रोड स्थित सब्जी मंडी की है। सोमवार की रात रिजर्व पुलिस लाइन के पीछे स्थित सब्जी मंडी मजदूर काम कर रहे थे। मैंगो पैक हाउस की तरफ स्थित टीन शेड में कारोबारियों का सामान रखा हुआ था। खाली क्रेट के अलावा हरी सब्जी और आलू की बोरियां रखी हुई थीं। रात करीब 9 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ और टीन शेड में आग लग गई। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते। आग की लपटें आसमान छूने लगीं। आग की लपटों को देखकर मंडी समिति के आसपास बसे लोग घरों से बाहर निकल आए।थोड़ी देर में अग्निकांड के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इसके बाद सब्जी कारोबारी व अन्य लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े। जानकारी मिलते ही एसडीएम सदर सुधीर कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। सुरक्षा के लिहाज से अमरोहा देहात, नगर कोतवाली और डिडौली पुलिस को मौके पर बुला लिया गया। व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस को लोगों की भीड़ को खदेड़ना पड़ा। जल्दबाजी में अमरोहा, गजरौला और मुरादाबाद से फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाई गई। दमकल कर्मियों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। एसपी अमित कुमार आनंद व एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी, ईओ डॉ. बृजेश कुमार ने भी मुआयना किया। आग की लपटें हल्की पड़ने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# संभल में बवाल: पुलिस चौकी में युवक की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा, अफसर बोले- हार्टअटैक से गई जान

मुरादाबाद- संभल के रायसत्ती पुलिस चौकी में पूछताछ के लिए लाए गए एक युवक की मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन समेत आसपास के लोग चौकी पहुंच गए। जब उन्होंने हंगामा काटा तो मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भाग निकले। नखासा थाने की रायसत्ती पुलिस चौकी में सोमवार की दोपहर एक बजे मोहल्ला खग्गूसराय निवासी इरफान ( 45 ) की अचानक से मौत हो गई।




रुपये के लेनदेने में बिचौलिया होने के नाते पुलिस पकड़कर लाई थी। चौकी पहुंचने के कुछ मिनट बाद ही हालत बिगड़ गई और वह गश खाकर गिर गए। पुलिसकर्मी एक निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे जहां मृत घोषित कर दिया गया। इस जानकारी के बाद परिजनों में रोष पनप गया। शव को लेकर परिजन पुलिस चौकी पहुंच गए। भीड़ एकत्र होने पर पुलिसकर्मी चौकी छोड़कर मौके से भाग गए। परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की।असमोली सीओ फोर्स के साथ पहुंचे। जहां भीड़ को किसी तरह समझाया और शव को निजी अस्पताल के लिए भेजा। मृतक की पत्नी रेशमा ने बताया कि करीब साढ़े बारह बजे एक दरोगा और चार सिपाही उनके घर पहुंचे थे। पति को धक्का देते हुए पुलिस चौकी ले गए। आरोप है कि जब तक उनका बेटा अफनान पहुंचा तब तक उनके पति की मौत हो गई थी। वह फर्श पर पड़े हुए थे। चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे तो मृत होने की पुष्टि की। पीड़ित ने बताया कि उनके पति की तबीयत खराब चल रही थी। दो दिन पहले ही वह अस्पताल से घर आए थे। पुलिस ने इतना डराया कि उनके पति की जान चली गई। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि मृतक की बहन शफीक बेगम ने अपने बेटे अरकान को छह लाख रुपये दिए थे। जिसमें इरफान बिचौलिया थे और दो लाख रुपये इरफान के हाथ से गए थे। महिला ने बेटे और भाई की शिकायत पुलिस से की थी। इसके बाद ही पुलिस इरफान को जांच के सिलसिले में चौकी लेकर पहुंची थी। इसी दौरान इरफान की हालत बिगड़ गई और वह गश खाकर गिर गए। चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे तो मृत घोषित कर दिया। पुलिस पर लगाए गए टॉर्चर करने के आरोप गलत हैं। सीसीटीवी में पूरी घटना कैद है। फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि पुलिसकर्मी दवाई खिलाने के लिए ले गए हैं और लौटते समय इरफान की हालत बिगड़ी है और वह गिरते हुए दिखाई दे रहे हैं। लेनदेन के मामले में जांच पड़ताल के लिए इरफान को चौकी बुलाया गया था। अचानक से इरफान की तबियत बिगड़ी तो दवाई भी दी गई थी। उपचार को लेकर गए थे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कोई टॉर्चर नहीं किया है। आरोप गलत लगा रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कृष्ण कुमार विश्नोई, एसपी, संभल।

## संक्षिप्त समाचार

# अमरोहा में सरेआम हत्या: प्रधान के मामा की सिर में मारी गोली, हथियार लहराते हुए भागे आरोपी... इलाके में हड़कंप

मुरादाबाद- रहरा थाना क्षेत्र के जयतोली गांव की ग्राम प्रधान के मामा इशरत की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना को चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतोली में प्रधान के



मामा की सरेराह गोली मार कर हत्या कर दी। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है। जांच पड़ताल की जा रही है। यह घटना रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतोली की है। गांव में नौशाद की पत्नी नीतू ग्राम प्रधान है जबकि नौशाद के मामा इशरत ( 50 ) प्रधानी का कामकाज देखते हैं।बताते हैं कि सोमवार की सुबह को इशरत बाइक पर सवार होकर पड़ोसी गांव महरपुर किसी काम से गए थे। दोपहर करीब 1ः00 बजे वापस लौटते समय गांव के नजदीक स्थित तालाब के पास अज्ञात लोगों ने सिर में गोली मारकर इशरत की हत्या कर दी। गोली मारने के बाद हमलावर हथियार लहराकर फरार हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल मामले को चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। सीओ दीप कुमार पंत का कहना है कि हत्या की सूचना मिली है। घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मिलक में 23 दुकानों पर चला बुलडोजर, 25 साल पहले कब्रिस्तान कमेटी ने करवाई थी तैयार

मुरादाबाद- मिलक कस्बे में बिलासपुर रोड स्थित 23 दुकानों को लोक निर्माण विभाग ( पीडब्ल्यूडी ) द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। देखते ही देखते बुलडोजर कार्रवाई में सभी दुकानें मलबे में तब्दील हो गईं। इस दौरान मौके पर व्यापारी और कब्रिस्तान कमेटी के सदस्य भी मौजूद थे, लेकिन प्रशासन और पुलिस के सामने बेबस नजर आए। कार्रवाई के दौरान पूरे कस्बे में हड़कंप मचा रहा। प्रशासन ने कार्रवाई से पहले रविवार रात ही सभी दुकानदारों से उनकी दुकानें खाली करवा ली थीं। सोमवार सुबह से ही प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की हलचल मौके पर शुरू हो गई। दो जेसीबी मशीनों को बुलाकर सुबह से ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी गई।23 दुकानें की गईं ध्वस्त-प्रशासन द्वारा ध्वस्त की गई दुकानों की संख्या 23 बताई जा रही है। यह दुकानें करीब 25 साल पहले कब्रिस्तान कमेटी द्वारा बनवाई गई थीं और इन्हें किराए पर दिया गया था। दुकानों से आने वाला किराया मदरसा और मस्जिद के कार्यों पर खर्च किया जाता था। नोटिस देकर दी गई थी चेतावनी-लोक निर्माण विभाग ने ध्वस्तीकरण से पहले शनिवार को सभी दुकानदारों को नोटिस जारी किया था। नोटिस में उन्हें एक दिन की मोहलत देकर अपनी दुकानें खाली करने का निर्देश दिया गया था। दुकानदारों का आरोप- दुकानदारों ने आरोप लगाया कि ये दुकानें उन्हें कब्रिस्तान कमेटी द्वारा आवंटित की गई थीं। वे हर महीने इसका किराया नियमित रूप से जमा कर रहे थे। बावजूद इसके, बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उनकी दुकानें तोड़ दी गईं। मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद-ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद थे। मौके पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। कार्रवाई के चलते आस-पास के लोग भी मौके पर जमा हो गए और पूरे कस्बे में अफरातफरी का माहौल रहा। व्यापारियों में रोष-दुकानों के ध्वस्तीकरण के बाद व्यापारियों ने नाराजगी व्यक्त की है। उनका कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए उनकी रोजी-रोटी पर प्रभाव पड़ा है। हालांकि, प्रशासन ने इसे सरकारी आदेश के तहत की गई कार्रवाई बताया है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास पी. जी कॉलेज, शिविर आयोजित किया

क्यूँ न लिखूँ सच

नेहरू मेमोरियल शिव नारायण दास ( पी. जी. ) कॉलेज,बदायूं के हृस्स की द्वितीय इकाई ( छात्रा )सात दिवसीय विशेष शिविर का आज दूसरे दिन का शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ विनेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को क्षय रोग ( टीबी ) के बारे में विस्तार से जानकारी दी । डॉ विनेश कुमार जी ने बताया कि माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस नामक जीवाणु के कारण क्षय रोग ( टीबी ) होता है।




आमतौर पर यह बैक्टीरिया फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन टीबी के बैक्टीरिया शरीर के किसी भी भाग जैसे आंत, जननांग,किडनी, रीढ़ और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकते हैं। सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की। शिविर में प्रो.मनवीर सिंह पूर्व कार्यक्रम समन्वयक ने हृस्स के उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी , श्रीमती निहारिका गुप्ता कार्यक्रम अधिकारी, अनमोल निधि सहायक कार्यक्रम अधिकारी संदीप राजपूत, उमाशंकर उपस्थित रहे। इस से पहले पूर्वाह्न में स्वयंसेविकाओं नें कार्य क्षेत्र में जाकर क्षय रोग के लक्षणो ववले लोगों को चिन्हित किया तथा उसके जाँच एवं उपचार के बारे में बताया तथा लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में समुदाय के लोगों को बताकर जागरूक किया

# कॉलेज बना मारपीट का अड्डा!

## तमंचे के साथ हाथापाई, भीड़ देखकर भागे आर

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- विद्यार्थी परिषद और समाजवादी छात्र सभा के बीच शुरू हुआ विवाद बढ़ने लगा है। अब समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव जावेद गद्दी ने बरेली कॉलेज के पास विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। जावेद ने थाना बारादरी में तहरीर दी। पुलिस ने उसका मेडिकल कराया और जांच कर रही है। बरेली कॉलेज के एलएलबी थर्ड सेमेस्टर के छात्र जावेद गद्दी ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार को कॉलेज गए थे। कॉलेज के बाहर आनंद आश्रम के गेट की तरफ एक कैफे पर वह प्रवेश पत्र निकलवा रहे थे कि तभी विद्यार्थी परिषद के सह संयोजक श्रेयांश बाजपेई, महानगर मंत्री आनंद कठेरिया, विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव, आकर्ष, हर्षल अग्रवाल अपने कई साथियों के साथ वहां पहुंचे और गालीगलौज शुरू कर दी। जब विरोध किया तो सभी ने मारपीट की। आरोप है कि श्रेयांश के हाथ में तमंचा था। भीड़ जमा हुई तो सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सीसीटीवी में साफ नहीं आया नजर बरेली कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आलोक खरे ने बताया कि हमारे पास कोई लिखित या मौखिक शिकायत नहीं आई है। सूचना पर गेट के सीसीटीवी देखे गए लेकिन दूरी होने के कारण सीसीटीवी में कुछ साफ नहीं दिख रहा है। पूछ रहे थे, कहां है सछास का जिलाध्यक्ष विद्यार्थी परिषद और समाजवादी छात्र संगठनों के बीच इस समय गैंगवार जैसी स्थिति है। 16 जनवरी को श्रेयांश वाजपेई ने समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष अविनाश मिश्रा सहित अन्य पांच अज्ञात व्यक्तियों के ऊपर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मंगलवार को मारपीट होने से पहले विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जावेद से अविनाश की लोकेशन पूछी थी और जावेद के न बताने पर उसकी पिटाई कर दी। 6 कॉलेज में मारपीट की कोई सूचना मुझे नहीं है। 7 जनवरी से पैर में फ्रेक्चर की वजह से मैं बेड रेस्ट पर हूं- अवनी यादव, विभाग संगठन मंत्री, एबीवीपी। 6 बीते दिनों समाजवादी छात्र सभा के जिलाध्यक्ष ने मेरे रे ऊपर जानलेवा हमला कराया। उस घटना के खिलाफ षडयंत्र रचकर मुझे फंसाने का कार्य किया जा रहा है- श्रेयांश बाजपेई, सह संयोजक, एबीवीपी।



# तेज आवाज वाली बुलेट का एसएसपी ऑफिस में चालान, साइलेंसर जब्त

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- सुभाषनगर निवासी रंजीत आफिस गया था फरियाद लेकर बरेली। शहर में तेज आवाज वाले - साइलेंसर लगाकर टशन दिखाने वाले सावधान हो जाए। अब ऐसे - बुलेटबाजों पर एसएसपी सख्त हो गए - है। एसएसपी आफिस में तेज आवाज - वाली बुलेट लेकर आए सुभाष नगर क्षेत्र निवासी फरियादी रंजीत सिंह चौहान का 11 हजार रुपये का चालान काटा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य अपने कैंप दफ्तर में बैठे लोगों की फरियाद सुन रहे थे। इस दौरान एक बुलेट बाइक की तेज -आवाज ने उनका ध्यान भटका दिया। - उसके बाद एसएसपी ने एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान को बुलेट का चालान करने का आदेश दिया। एसएसपी के आदेश के बाद ट्रैफिक पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बाइक सवार का 11 हजार रुपये का चालान कर दिया।पीड़ित रंजीत सिंह चौहान सुभाषनगर का रहने वाला है। वह किसी मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के दफ्तर में फरियाद लेकर आया था। लेकिन उसका 11 हजार रुपये का चालान कट गया। यह घटना ऐसे बुलेट सवार के लिए सबक हैं, जो अपनी बाइक में तेज आवाज वाला साइलेंसर लगवा लेते हैं। ट्रैफिक विभाग ने युवक का 11 हजार रुपये का चालान कर दिया। इसके साथ ही उसकी बुलेट में लगा तेज आवाज वाला साइलेंसर को भी निकाल दिया। इसी घटना से वहां इस तरह वाहन मालिकों में हडकंप मच गया।



# पुलिस फाइटर ने जीता टीटीएल क्रिकेट प्रतियोगिता, डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने दी जीत की बधाई

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर। विश्रामपुर में आयोजित टीटीएल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाईनल मैच में शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करने वाली विजेता पुलिस फाइटर की टीम को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने जीत की बधाई दी तथा पूरी टीम को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पुलिस फाइटर व एकेडमिक ईगल के मध्य खेला गया, जिसमें पुलिस फाईटर की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर फाईन मैच को 13 रनों से अपने नाम किया। सोमवार, 20 जनवरी 2025 को विजेता टीम जिला पुलिस कार्यालय पहुंची जहां डीआईजी व एससपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने टीम की हौसला अफजाई करते हुये जीत की बधाई दी और कहा कि खेलकूद व व्यायाम हमारे शारीरिक तथा मानसिक विकास के लिये जरुरी है। व्यस्त दिनचर्या में खेलकूद मानसिक स्ट्रेस के दूर करता है तथा शारीरिक स्वास्थ्य को लाभ देता है। इस प्रकार के प्रतियोगिताओं से विभिन्न विभागों का आपस में उचित तालमेल व समन्वय भी बना रहता है। इस दौरान टीम हेड राजेश जोशी, टीम ऑनर फर्दीनंद कुजूर, टीम मेन्टोर विजय राजवाड़े, मैच के कप्तान अविनाश सिंह, उप कप्ताने, अमन सिंह, संदीप, विक्रांत तिवारी मौजूद रहे।

# नगर निगम में गरजे किसान सड़क के लिए चार माह से दे रहे धरना, नहीं हुई कोई सुनवाई

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। परसाखेड़ा गोकिलपुर में सड़क निर्माण की मांग को लेकर किसानों ने बुधवार को नगर निगम का घेराव किया। उन्होंने रास्तों को बंद कर दिया। इस दौरान नगर अयुक्त व महापौर दोनों ही नगर निगम में मौजूद नहीं थे। सूचना पर पुलिस अधिकारी पहुंचे और किसानों का समझाने का प्रयास किया। परसाखेड़ा, बंजरिया, गरगईया उर्फ गोकिलपुर, ललपुरा और परसाखेड़ा गौटिया गांव के किसान बुधवार दोपहर करीब एक बजे भारतीय किसान यूनियन टिकैत ग्रुप के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य के नेतृत्व में नगर निगम पहुंचे। ग्रामीणों ने नगर निगम के बाहर निकलने वाले रास्तों पर ट्रॉली लगाई और आवाजाही बंद कर दी। किसानों ने कहा कि वे लोग 126 दिनों से सीबीगंज में ष्टद्धह्यद्ग दे रहे हैं। लेकिन 280 मीटर की सड़क का निर्माण नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों ने जहां जमीन खरीदी है, वहां से निगम सड़क निर्माण कराने पर अड़ा हुआ है। दूसरी ओर झुमका चौराहे की ओर से सड़क निर्माण से सिर्फ दो गांव और पूर्व पार्षद का ही फायदा होगा। तीन गांव सड़क बनने के बाद भी नहीं जुड़ सकेंगे। उन्होंने अपर नगर आयुक्त पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। शाम तक मामले का निस्तारण नहीं हो सका था। किसान धरने पर जुटे हुए थे। किसान खाना बनाने का सामान भी लेकर पहुंचे थे। समर्थन में पहुंचे सपा नेता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष शिव चरण कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खान सुलतानी अपने पदाधिकारियो के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों का समर्थन किया है।



# युवक की गला रेतकर हत्या, प्राइवेट पार्ट भी काटा झाड़ियों में फेंका शव

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- यहां एक खौफनाक घटना सामने आई है। जहां, पीलीभीत जिले के मुजम्मिल की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपियों ने उनका प्राइवेट पार्ट भी काट डाला। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बरकापुर गांव की झाड़ियों में उनकी लाश पड़ी देखकर हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम ने यहां साक्ष्य जुटाए हैं। जिस बेरहमी के साथ मुजम्मिल हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। और हत्यारे उनका प्राइवेट पार्ट काट गए। उससे ये केस अवैध संबंधों की तरफ इशारा करता है। बहरहाल, पुलिस हत्या की जांच में जुट गई है। हत्या का शिकार बने मुजम्मिल मूल रूप पीलीभीत जिले के बीसलपुर थाना क्षेत्र के मीरपुर वाहनपुर गांव के रहने वाले हैं। सोमवार को वह लापता हो गए थे। घरवालों ने उनकी तलाश की लेकिन कोई खोज-खबर नहीं मिली। शुरुआती जानकारी के मुताबिक घरवालों ने उनके लापता होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दी थी। पुलिस उनकी तलाश में जुटी ही थी कि इस बीच यहां बरेली में उनका शव बरामद हो गया। मुजम्मिल के रूप में मृतक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सूचित कर दिया। उधर, घर में हत्या की खबर पहुंचने के बाद कोहराम मच गया है। परिवार वाले बरेली पहुंच गए हैं। पुलिस हर एंगिल पर इस केस की जांच कर रही है। उधर, गांव की झाड़ियों में जिस हालत में मुजम्मिल का शव मिला है। पुलिस हर एंगिल पर इस केस की जांच कर रही है। उधर, गांव की झाड़ियों में जिस हालत में मुजम्मिल का शव मिला है। उससे यहां दहशत का आलम है।



# मेरी झोपडी के भाग ,आज खुल जाएंगे ,राम आएँगे... "राम नाम जप ले सहारा मिलेगा फिर ना यह जीवन दोबारा मिलेगा

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- श्री बांके बिहारी मन्दिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आज सप्तम दिवस की कथा का विश्राम हुआ कथा व्यास = परम श्रद्धेय श्री सतेन्द्र मोहन शास्त्री जी ने श्री सुदामा चरित्र का वर्ण किया, हमें भागवत जी क्यों सुनना चाहिए यह भी बताया । और दत्तारे के 24 गुरु के बारें में बताया हमें कैसे गुरु बनाने चाहिए । श्याम दीक्षित जगदीश भटिया ने युगलबंदी में, भजन गया 卐मुझे कौन पूछता था, तेरी बंदगी से पहले, मैं बुझा हुआ दिया था तेरी बंदगी से पहले. आज की कथा में सभी ने मिलकर श्री राम जनम भूमि उत्सव मनाया एवं होली का आनंद लिया व श्याम दीक्षित, श्री जगदीश भाटिया ने अपने भजनों के द्वारा सभी भक्त भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे, सभी ने आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया , कथा में पधारे किंतु विधायक संजीव अग्रवाल जी का भी स्वागत किया गया ,मुख्य यजमान अनूप कुमार सक्सेना ,किरन सक्सेना, डॉ शेखर सक्सेना , अमन सक्सेना भजन गायक जगदीश भाटिया का रहा ।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# इनकम टैक्स के रिटायर्ड कर्मचारी ने किया गरीब की जमींन पर अवैध कब्जा

क्यूँ न लिखूँ सच -रजनीश श्रीवास्तव

बरेली। मामला ग्राम खंजनपुर तहसील फरीदपुर थाना फतेहगंज पूर्वी का है जहां के पीड़ित इंद्र विक्रम सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह का आरोप हैकि उनकी जमीन गाटा संख्या 1144 पर रिटायर्ड इनकम ट ै क स अधिकारी रहीस मियां ने अपनी पावर का गलत इस्तेमाल कर अवैध कब्जा कर लिया जबकि पीड़ित को फरीदपुर तहसील के एसडीएम ने गाटा संख्या 1144 पर मेडबंदी करने का आदेश दिया था मेड बंदी का आवेदन माननीय उप जिलाधिकारी फरीदपुर के न्यायालय में आवेदन संख्या टी 20 24 121 30 300 701 दायर किया गया न्यायालय के आदेश पर कानूनगो के द्वारा 30 जुलाई2024 को कच्ची तूदाबंदी की गई एसडीएम फरीदपुर द्वारा आदेश के बाद भी पीड़ित के खेत पर अवैध कब्जा करने वाले दबंग ने सिविल न्यायालय फरीदपुर में पीड़ित को परेशान करने के उद्देश्य से मुकदमा किया गया जो पूरी तरह फर्जी व अवैध है पीड़ित का आरोप है कि अवैध कब्जा कर फर्जी मुकदमा डालकर पीड़ित को परेशान किया जा रहा है पीड़ित ने अब गाटा संख्या 1144 पर अवैध कब्जा करने वाले दबंग पर जिलाधिकारी बरेली रविंद्र कुमार और योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है



# शमशान भूमि पर कब्जाकर दूसरे समुदाय के युवक लगाया धर्मकांटा

क्यूँ न लिखूँ सच -रजनीश श्रीवास्तव

ग्राम कल्लिया तहसील आंवला का है जहा के भानुप्रताप सिंह शाक्य सरदार जी का आरोप है की दूसरे समुदाय के फिरासत, इमरान इरफान अली ने शमशानभूमि की 1 बीघा जमीन पर कब्जा कर अवैध धर्म कांटा बना लिया पीड़ित ने कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई अब पीड़ित भानु प्रताप सिंह शाक्य सरदार जी ने जिला अधिकारी रविंद्र कुमार से शमशान की भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने को लेकर न्याय की गुहार की लगाई है



# राष्ट्रीय अध्यक्ष ( प्रकोष्ठ समाज सेवी ) पत्रकार राज संघ में नियुक्ति किए गए श्रेय टीवी के पत्रकार राजेश कुमार शर्मा

क्यूँ न लिखूँ सच -रजनीश श्रीवास्तव

राजेश कुमार शर्मा जनकपुरी पश्चिम नई दिल्ली के निवासी हैं और श्रेय टीवी के दिल्ली क्राइम ब्यूरो चीफ है जो अक्सर समाज कि अच्छाइयों और बुराइयों को चैनल में खबर प्रकाशित करते रहते है इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार राज संघ के प्रदीप कुमार तिवारी के अनुशंसा पर नियुक्त किया गया है और इसी कड़ी में आगे राजेश कुमार शर्मा ने श्री नरेश राज शर्मा पत्रकार राज संघ के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार तिवारी का आभार व्यक्त किया है और जो संगठन के द्वारा दायित्व मिला है वह बड़ी सूझबूझ और ईमानदारी से अपने पद का निर्वाह करेंगे और समाज सेवा के साथ साथ पत्रकारों के हित के लिए जो भी होगा उनकी आवाज उठाएंगे और हर संभव प्रयास करेंगे की आने वाला समय समाज सेवियों और पत्रकारों के लिए अच्छा हो उसके लिए राज्य सरकार से और भारत सरकार से समाजसेवी एवं पत्रकारों के हितार्थ में जो यथा संभव हो करने और कराने का पूरा प्रयास करेंगें



# जिसको अपनी जुवान पर कंट्रोल ही न हो वो संत नहीं हो सकता-मो तारिक लिटिल

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली- समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मो तारिक लिटिल व विधान सभा अध्यक्ष बलराम यादव के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओं ने राजू महंत के खिलाफ फरीद पुर थाने में तहरीर देकर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। मो तारिक लिटिल ने कहा भारत की शानदार शख्सियतों में शामिल रहे भारत सरकार के पूर्व रक्षा मंत्री व उत्तर प्रदेश के कई बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी के खिलाफ राजू दास की अभद्र टिप्पणी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हमारे श्रदेह नेता जी व पूरी समाजवादी पार्टी साधु संतों का बहुत सम्मान करती है लेकिन जिसकी भेष भूषा संतो वाली है लेकिन अपनी काली जुंबा पर कंट्रोल नहीं है ये न तो साधु है और नहीं इससे इस भेष में रहने का अधिकार है ये संत के भेष में रक्षा प्रजाति का व्यक्ति है इसके कृत की हम सब घोर निंदा करते है। अर्जुन यादव,केशव यादव,सतीश कुमार,जितेंद्र सिंह,कप्तान सिंह,मुजाहिद रजा,अमीर,कुलदीप शर्मा,खुमान मौर्य,विपिन यादव आदि लोग साथ रहे।



# जय बापू जय भीम जय संविधान पीथमपुर की बैठक में फिर गरमाया यूनियन कार्बाइड का मुद्दा

क्यूँ न लिखूँ सच

पीथमपुर सेक्टर नंबर एक के कांग्रेस कार्यालय के समीप एक निजी होटल के हाल में 27 जनवरी को आयोजित होने वाली कांग्रेस की जय बापू जय भीम जय संविधान यात्रा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया बैठक में कांग्रेस इंदौर संभाग प्रभारी सज्जन सिंहवर्मा, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष योगेश यादव एवं जिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष कमल किशोर पाटीदार, पीथमपुर कांग्रेस अध्यक्ष बंशी वर्मा, परमेश्वर रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष पप्पू अशोलिया पार्षद पप्पू पटेल, मुख्य रूप से मौजूद रहे। योगेश यादव ने बताया कि 27 जनवरी को महू बाबा साहब अंबेडकर की जन्म स्थली से जय बापू जय भीम जय संविधान की विचारधारा को




लेकर यात्रा का शुभारंभ कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे वह कांग्रेस के तमाम बड़े नेता एवं कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में निकली जाएगी जिसमें प्रदेश भर से लगभग 2 लाख से अधिक आम जनता शामिल होंगी। पीथमपुर क्षेत्र से भी ज्यादा से ज्यादा तादाद में लोग 27 जनवरी को महू पहुंचेंगे। बैठक में यूनियन कार्बाइड कचरा को लेकर विरोध नजर आया। न्यायालय के आदेश के बाद 18 फरवरी तक कचरे के निष्पादन पर रोक लगा दिया गया है जिसको लेकर पीथमपुर क्षेत्र में अंदरुनी विरोध लगातार जारी है जिसको लेकर कांग्रेस के कई नेताओं ने बैठक में खुलकर विरोध किया और राहुल गांधी तक इस बात को पहुंचाने की गुहार लगाई। सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव ने बताया कि पीथमपुर की मांग निहित है इसे छुपाया गया है पीथमपुर में कचरे को लेकर भारतीय जनता पार्टी के शासन की ओर से कुषड्यंत्र रचा जा रहा है उसका भी विरोध किया जाएगा। वहीं कांग्रेस के इंदौर संभाग अध्यक्ष सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि पीथमपुर श्रमिकों की श्रम से सींची हुई बस्ती है उन लोगों की भावनाओं के साथ भाजपा की केंद्र और मध्य प्रदेश की सरकार ने जनता के साथ खिलवाड़ किया है यूनियन कार्बाइड का कचरा भोपाल से लाकर पीथमपुर में जलाया जा रहा है। 40 वर्षों से भोपाल में यह कचरा सुरक्षित पड़ा हुआ है उसे पीथमपुर में क्यों जलाया जा रहा है कचरे को ले जाकर मोहन यादव की उज्जैन स्थित जमीन पर जला देना चाहिए। यह पूरा मामला जमीन से जुड़ी जादूगरी का है। आज के समय संविधान खतरे में है जिसको लेकर राहुल गांधी प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन केके जी के नेतृत्व में संविधान बचाओ यात्रा 27 जनवरी को निकाली जाएगी।

# बगदरा अभ्यारण क्षेत्र अंतर्गत बगदरा सिंघी फाल में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -मानश मिश्रा

